देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 332 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**रविवासरीय...**जैकलीन संग रोमांस करेंगे कार्तिक



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 16 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0° | 41257.74 | **2** भारतीयों को निकालने के प्रयास तेज | **7** बुमराह पर सवाल उठाना सही नही

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल वैन में आग लगने से चार छात्र जिंदा जले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों को ले जा रही मिनी वैन में आग लग जाने की घटना से चार छात्र जिंदा जल गए। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का शिकार बने छात्रों की उम्र 10 से 12 साल के बीच है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा लोंगोवाल–सिदसामचार रोड पर हुआ। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त वैन में 12 बच्चे थे। जब गाड़ी में आग लगी तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने आठ बच्चों को बाहर निकाल लिया। हालांकि चार बच्चे अंदर ही फंसे रह गए, जिससे उनकी जलकर मौत हो गई।

### पुलवामा की शहादत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कर्नाटक के हुबली में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने तीन कश्मीरी छात्रों की जमकर धुनाई कर दी। ये तीनों छात्र पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे जिसका विडियो वायरल हो गया। ये केएलई इंजिनियरिंग कॉलेज में पढ़ते हैं। वॉट्सऐप पर विडियो आने के बाद लोगों ने कॉलेज में घुसकर छात्रों की पिटाई की। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। तीनों के नाम आमिर, बासित और तालिब हैं।

### सिंधिया की सड़क पर उतरने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच तनातनी जगजाहिर होने लगी है। सरकार के कामकाज को लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी नाराजगी जाहिर करते रहते है। इस बीच मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सिंधिया के सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने के बयान पर दो टूक कहा कि वे सड़क पर उतर सकते हैं। सिंधिया ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि सरकार ने राज्य के किसानों से किए गए कर्जमाफी के वादे को निभाया नहीं है।

# भड़काऊ बयानबाजी पर सख्त हुई बीजेपी

■ गृहमंत्री अमित शाह ने जताई थी नाराजगी

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को तलब कर दी सख्त चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद भारतीय जनता पार्टी भड़काऊ बयानबाजी को लेकर सख्त हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवबंद को आतंक की गंगोत्री बताने वाले पार्टी के फायर ब्रैंड नेता गिरिराज सिंह को शनिवार को तलब किया और सख्त चेतावनी दी।

नड्डा ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि देश के गद्दारों को और भारत–पाक मैच जैसे बयानों से पार्टी को दिल्ली चुनाव में नुकसान हुआ। अमित शाह के इस बयान के बाद अब बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने भड़काऊ बयानबाजी के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। नड्डा ने अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री तथा बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को तलब किया है। नड्डा ने सिंह से करीब 15 मिनट तक चली मुलाकात के दौरान उन्हें सख्त चेतावनी दी और कहा कि विवादित बयानों से दूर रहें। नड्डा से मुलाकात के बाद गिरिराज सिंह ने मीडिया से बातचीत में कुछ नहीं कहा।

**देवबंद पर क्या बोले थे गिरिराज सिंह:** गिरिराज ने बुधवार को कहा था, देखिए कितने लोग देवबंद से आतंकी गतिविधियों में शामिल हुए हैं। दुर्भाग्य है इस देश का जो राष्ट्र के लिए काम करना चाहिए, वे राष्ट्र विरोधी..मैंने सही कहा कि देवबंद गंगोत्री है आतंकवाद का। जितने देश में शाहीन बाग हो रहे हैं, वे एक तरह से खिलाफत आंदोलन हो रहा है, देश को तोड़ने की साजिश हो रही है।



### बीजेपी के ऐक्शन के राजनीतिक मायने

माना जा रहा है कि बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भड़काऊ बयानबाजी के खिलाफ बीजेपी अध्यक्ष ने गिरिराज के खिलाफ कार्रवाई करके पार्टी के अंदर और बाहर एक सख्त संदेश देने की कोशिश की है। नड्डा ने यह साफ कर दिया कि पार्टी अब किसी भी तरह के भड़काऊ बयानबाजी को माफ नहीं करेगी और अनुराग ठाकुर, अनंत हेगड़े जैसे पार्टी नेताओं को भविष्य में इस तरह की बयानबाजी से बचना होगा।

### पश्चिम बंगाल और बिहार चुनाव पर नजर

बीजेपी की नजर अब इस साल बिहार और अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर है। दरअसल बिहार में जेडीयू नेता नीतीश कुमार को बड़ी संख्या में मुसलमान भी वोट करते हैं। बीजेपी को डर सता रहा है कि भड़काऊ बयानों से मुसलमान नाराज हो जाएंगे और बिहार में उसे इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। मुसलमानों के अलावा समाज में कई ऐसे लोग हैं जो इस तरह के बयानों को पसंद नहीं करते हैं और इसका उदाहरण दिल्ली चुनाव में देखना पड़ा जहां बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने हाजिरजवाबी से कर दिया चुप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** म्यूनिख। आर्टिकल 370 से जुड़े फैसले लिए जाने के बाद वैश्विक मंचों पर कई बार कश्मीर से जुड़ा मसला उठाया गया है और इसबार यह मसला म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में उठाया गया, जहां विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी हाजिरजवाबी से सवाल पूछने वाले का मुंह बंद कर दिया। उन्होंने जवाब दिया, चिंता न करें, सेनेटर। एक लोकतंत्र ऐसा करेगा, और आपको पता है कि वह कौन है। दरअसल, पैनल चर्चा के दौरान कश्मीर मसले का उल्लेख करते हुए अमेरिकी सेनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि लोकतंत्र को ठीक से चलाने का यह तरीका होगा कि कश्मीर समस्या का समाधान लोकतांत्रिक तरीके से किया जाए।

# भारत के अंदरूनी मामले में दखल नहीं दें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पाकिस्तान की संसद में कश्मीर पर बयानबाजी करने वाले तुर्की के राष्ट्रपति को भारत ने साफ–साफ शब्दों में चेतावनी दे दी है। विदेश मंत्रालय ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया करें। इसके साथ ही, भारत ने तुर्की को पाकिस्तान के आतंकवाद पर ध्यान देने की नसीहत दी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि जम्मू–कश्मीर को लेकर तुर्की

### तुर्की को भारत का जवाब, पाक का आतंकवाद समझो

के राष्ट्रपति द्वारा दिए गए सभी संदर्भों को भारत खारिज करता है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है जो उससे कभी अलग नहीं हो सकता। एर्दोआन ने शुक्रवार को पाकिस्तानी संसद में अपने संबोधन में कश्मीरियों के संघर्ष की तुलना प्रथम विश्व युद्ध के दौरान विदेशी शासन के खिलाफ तुर्की की लड़ाई से की।

जम्मू–कश्मीर पर एर्दोआन के बयान को लेकर कुमार ने कहा, श्भारत जम्मू–कश्मीर के संबंध



में दिए गए सभी संदर्भों को खारिज करता है। वह भारत का अभिन्न अंग है जो उससे कभी अलग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हम तुर्क नेतृत्व से अनुरोध करते हैं कि वह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप ना करे और भारत और क्षेत्र के लिए पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के गंभीर खतरे सहित अन्य तथ्यों की उचित समझ विकसित करे।

### कश्मीर मुद्दे पर अड़ाई टांग

तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोगान ने कश्मीर मुद्दे पर टांग अड़ाई है। पाकिस्तानी संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐसा बयान दिया है जिससे भारत के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। एर्दोगान ने कहा कि कश्मीर में जुल्म हो रहा है और वो चुप नहीं रहेंगे। उन्होंने पाकिस्तानी पीएम इमरान खान को बेशर्त समर्थन देने का वादा कर डाला। एर्दोगान का पूरा भाषण इस्लाम और मुसलमान के इर्द गिर्द घूमता रहा।

## अमित शाह और शाहीन बाग प्रदर्शनकारियों की मुलाकात तय नहीं हैः गृह मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। शाहीन बाग में दो महीने से धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों ने दावा किया है कि वे रविवार दोपहर गृह मंत्री अमित शाह से नागरिकता संशोधन कानून के मुद्दे पर मुलाकात करेंगे। यह खबरें दिनभर सुर्खियां बनाती रहीं, लेकिन शाम होते–होते गृह मंत्रालय ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि ऐसी कोई मीटिंग तय नहीं है।

प्रदर्शनकारियों ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के शाहीन बाग पर मुलाकात के न्योते को स्वीकार कर लिया है और रविवार दोपहर 2 बजे उनसे मिलने जाएंगे।

## 15 सालों में दागी सांसदों की संख्या हुई दोगुनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी देने का आदेश दिया। पार्टियों को ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी 48 घंटों के अंदर देनी है। इसके अलावा यह भी बताना है कि इन प्रत्याशियों को चुनाव में क्यों खड़ा किया गया। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले 15 सालों के दौरान आपराधिक मुकदमे झेल रहे सांसदों की संख्या में इजाफा हुआ है। हालांकि, कई उम्मीदवारों के खिलाफ की गई शिकायतों की वजह राजनीति भी हो सकती है। उदाहरण के लिए, उदयकुमार एसपी ने कन्याकुमारी सीट से आप के टिकट पर 2014 लोकसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने अपने ऐफिडेविट में 382 आपराधिक मुकदमे होने की घोषणा की थी।

### रिपोर्ट

ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी 48 घंटों के अंदर देनी है

### किस पार्टी के सबसे ज्यादा सांसद हैं दागी

सबसे ज्यादा दागी सांसदों की बात करें तो जेडीयू इस मामले में नंबर 1 पर है। इसके बाद शिव सेना और कांग्रेस का नंबर है। जेडीयू के 16 में से 13, शिव सेना के 18 में से 11, कांग्रेस के 52 में से 30, बीएसपी के 10 में से 5, लेफ्ट के 6 में 3, डीएमके के 24 में से 11, वाईएसआरसीपी 22 में से 10, टीएमसी के 22 में से 9, एसपी के 5 में से 2, बीजेपी के 302 में 117, टीआरएस के 9 में से 3, बीजेपी के 12 में से 1 सासंद दागी है।

### किस पार्टी ने उतारे सबसे ज्यादा दागी उम्मीदवार

आरजेडी के 18, जेडीयू के 24 में से 14, एसपी के 49 में से 26, वाईएसआरसीपी के 25 में से 13, डीएमके के 24 में से 11, बीजेपी के 435 में से 176, कांग्रेस के 420 में 165, लेफ्ट के 158 में से 62, शिव सेना के 97 में से 34, टीएमसी के 62 में से 20, टीआरएस के 17 में से 5, बीएसपी के 380 में से 85, एआईएडीएमके के 22 में से 3 और बीजेपी के 21 में से 1 उम्मीदवार दागी थे। बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों की बात करें तो ये सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे झेल रहे थे। बीएसपी उन पार्टियों में शामिल थी, जिसके सबसे कम उम्मीदवार आपराधिक मुकदमों में फंसे थे।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
**What we do**
**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in